

## एजे फिजिकल एकेडमी ने रचा इतिहास



नवभारत न्यूज़

**खंडवा। जिले के ग्राम सराय से आने वाले कोच अकिल मोतीराम जमरे ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण से युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी है। स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ वे युवाओं को भी निरंतर प्रशिक्षण दे रहे हैं। एजे फिजिकल एकेडमी में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 8 बजे तक ट्रेनिंग दी जाती है। वर्ष 2025 मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती में एकेडमी से सर्वाधिक 22 युवाओं का चयन हुआ है, जो खंडवा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं देंगे।**

चयनित अभ्यर्थियों में शिवानी पटेल, लता खतवासे, अवंतिका तिरोले, सुलोचना तायडे, ललिता पाटिल, गायत्री सिंगला, प्रियंका पाटीदार, नेहा आलसे, दीक्षा दरबार, चेतना बघेल, ओंकार कानोजे, मितेश पाल, प्रकाश, अजेश अवासे, गणेश, लीला चौहान, भारती खुता, संजू, आदर्श आव्हाड और कविता सहित अन्य युवा शामिल हैं। इन युवाओं की पदस्थापना बुरहानपुर, उज्जैन, शहडोल, खरगोन, सिंगरौली, बैतूल, खंडवा, इंदौर और रतलाम जिलों में होगी। एजे फिजिकल एकेडमी की यह सफलता ग्रामीण प्रतिभाओं की मेहनत और सही मार्गदर्शन का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# ईद पर भाईचारे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

नवभारत न्यूज़

**खंडवा** । ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश देखने को मिला। ईदगाह में नमाज अदा कराने के बाद शहर काजी सैयद अनसार अहमद अली ने समाज को अमन, भाईचारे और प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि मुस्लिम समाज पिछले कई वर्षों से गोवंश और उसके बछड़ों की कुर्बानी पूरी तरह बंद किए हुए है।

मीडिया से चर्चा के दौरान शहर काजी ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि गाय देश की आस्था, संस्कृति और परंपरा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसा निर्णय लेती है तो मुस्लिम समाज को भी खुशी होगी। उनका यह बयान सामाजिक सौहार्द और आपसी सम्मान की भावना को



मजबूत करने वाला माना जा रहा है। इस अवसर पर ईदगाह परिसर में नमाजियों को फलदार और छायादार पौधों का वितरण भी किया गया। शहर काजी ने लोगों से अपील की कि वे इन पौधों को अपने घरों और आसपास लगाकर उनकी देखभाल करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। बकरीद के मौके पर खंडवा में गंगा-जमुनी तहजीब की सुंदर तस्वीर भी देखने को मिली। ईदगाह के बाहर विभिन्न सामाजिक संगठनों और हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं।

वहीं शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कलेक्टर, एसपी और पुलिस बल की मौजूदगी के साथ ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की गई। शहर काजी ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

खंडवा से सामने आई यह पहल सामाजिक एकता, धार्मिक सहिष्णुता और पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश देने वाली मानी जा रही है। ईद पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने कड़ी धूप में निकले एसपी अगम जैन, ड्यूटी पर तैनात जवानों को बांटा गया कैरी का पना



खंडवा में त्यौहार के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों को गर्मी से राहत देने के लिए उनके ड्यूटी स्थलों पर कैरी का पना वितरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य लगातार कड़ी धूप में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को राहत पहुंचाना और उनका मनोबल बनाए रखना था।हीं पुलिस अधीक्षक अगम जैन स्वयं शहर भ्रमण पर निकले और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहारवाड़ी, बजरंग चौक, जलेबी चौक, शिवजी चौक, इमलीपुरा, बड़ा बम और रामेश्वर चौकी क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।कड़ी धूप में मैदान में उतरकर सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने और जवानों की सुविधाओं का ध्यान रखने की पुलिस प्रशासन की इस पहल की शहर में सराहना की जा रही है।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नई जिला कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज़

**खंडवा** । भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 30 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अंतिम सहमति के बाद पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष अनूप पटेल ने कार्यकारिणी की सूची जारी की। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यकारिणी का गठन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा तथा जिला प्रभारी अम्बाराम कराड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर हरगोविंद मीणा, मिलन जायसवाल, नामदेव पटेल, डॉ. चन्द्रकांत गुर्जर और धर्मेन्द्र प्रजापति को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राजेश राठौर और बलदेव मौर्य को महामंत्री बनाया गया है। मंत्री पद पर अर्जुन नायक, नगीन राठौर, दिलीप यादव (गुड्डू बाबा), नंदकिशोर जायसवाल और हरिश रिजवानी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रितेश चौहान को कोषाध्यक्ष, देवा भावसार को कार्यालय मंत्री और अमित सोनी को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी अशोक महाजन और सहप्रभारी सार्थक वर्मा बनाए गए हैं। इसके अलावा आईटी सेल, प्रशिक्षण, जनसंपर्क, नीति एवं शोध सहित विभिन्न विभागों में भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर और मोर्चा अध्यक्ष अनुप पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम संगठन विस्तार और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## तड़पती गौरैया को देखकर बदली जिंदगी, 'पंछी सर' ने शुरू किया पक्षियों को बचाने का जनअभियान





नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** शहर से शुरू हुई एक संवेदनशील पहल आज देशभर में पक्षियों के संरक्षण का संदेश दे रही है। भीषण गर्मी में प्यास से तड़पती एक गौरैया को मरते देखने के बाद शंखपुष्पी महाराज उर्फ शंखपुष्पी महाराज ने अपना जीवन पक्षियों और प्रकृति की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 1998 से शुरू किए गए उनके राष्ट्रीय पक्षी बचाओ अभियान के तहत अब तक 10 लाख 16 हजार से अधिक पक्षी जल पात्र (सकोरे) निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। खंडवा कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्वर्गीय रामलाल धनगया की स्मृति में 1000 पक्षी जल पात्रों के निशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं जल पात्रों का पूजन कर किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं वृक्षों पर जल पात्र बांधकर पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शंखपुष्पी महाराज ने कहा कि पशु-पक्षी, वन, जल और प्रकृति ईश्वर का स्वरूप हैं। पक्षियों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और यह भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि यदि धरती से पशु-पक्षी और वृक्ष समाप्त हो गए तो मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शुरुआत में शंखपुष्पी महाराज साइकिल से गांव-गांव जाकर अपने खर्च से सकोरे बांटते थे। आज यह अभियान मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों तक पहुंच चुका है।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, संयुक्त कलेक्टर बडोले सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पक्षियों के संरक्षण और जल पात्र रखने का संकल्प लिया।

## रंगोली बनाकर दिया जागरुकता का संदेश



**किल्लौद।** मध्य प्रदेश वालंटियर हेल्थ एसोसिएशन के परियोजना समन्वयक जयप्रकाश पटेल के नेतृत्व में आंगनवाड़ी केंद्र मालूद में अंतरराष्ट्रीय माहवारी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में उमंग काउंसलर संजय सिरसाटे, मास्टर ट्रेनर आनंद दुबे एवं पूजा लौंगरे द्वारा किशोर एवं किशोरियों को माहवारी स्वच्छता एवं उससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जागरूक किया गया। स्वच्छता बनाए रखने, सेनेटरी पैड के उपयोग एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही गांव में माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से रंगोली बनाकर जागरूकता संदेश दिए गए एवं रैली निकालकर माहवारी स्वच्छता से संबंधित नारे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों एवं महिलाओं को बताया गया कि माहवारी के दौरान किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए तथा महिलाओं को सम्मान एवं सहयोग मिलना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में माहवारी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना एवं ग्रामीण क्षेत्र में फैली गलत धारणाओं को समाप्त करना रहा। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा सावले, अनीता साहू, किरण काडोले, सरपंच जयप्रकाश राठौर, सहायिका एवं आरकेएसके टीम के साथिया उपस्थित रहे।

## राठौर समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी गठन पर मंथन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** राठौर समाज की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष दीपक राठौर एवं सचिव महेश राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रारंभ में समाज के सभी सदस्यों के सहयोग, सहभागिता एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया गया। समाज के अमित राठौर ने बताया कि बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

विशेष रूप से वीर दुर्गादास राठौर जयंती को इस वर्ष भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर समाजजनों ने अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय करने पर भी सहमति बनी।इस दौरान समाज की नई युवा कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

समाजहित में कार्य करने वाले सक्रिय एवं जिम्मेदार युवाओं को संगठन में अवसर देने तथा नई ऊर्जा के साथ समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।बैठक में सामाजिक गतिविधियों को गति देने, युवाओं को समाज से जोड़ने तथा आपसी समन्वय बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित समाजजनों ने एकजुट होकर समाज की परंपरा, गौरव और संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही।

## कर्मवीर बंद करने के विरोध में मुख्यमंत्री को किए ईमेल



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** सद्भावना मंच सदस्यों ने खंडवा स्थित माखनलाल चतुर्वेदी कर्मवीर महाविद्यालय को शासन द्वारा बंद किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री मोहन यादव को सामूहिक रूप से ईमेल एवं ट्वीट किये गये।

मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि प्रशासन ने कर्मवीर महाविद्यालय भवन को तीन माह में खाली करने के लिए निर्देशित किया है इससे यह स्पष्ट है कि शीघ्र ही महाविद्यालय बंद हो जाएगा, दुर्भाग्य की बात है कि जिस राष्ट्रीय कवि, लेखक, पत्रकार, साहित्य मनीषी दादा माखन ने पत्रकारिता के माध्यम से अग्रेजों के विरूद्ध जनता को जगाकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसी भारतीय आत्मा की कर्मभूमि में स्थापित महाविद्यालय को बंद कर अनेक कलम के सिपाहियों को निराश किया जा रहा है। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने ही सबसे पहले पत्रकारिता विद्यापीठ (विश्वविद्यालय) का सपना देखा था। इस मौके पर उपस्थित मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंदपाल तोमर, सुरेन्द्र गीते, अनूप शर्मा, त्रिलोक चौधरी, गणेश भावसार, कैलाश शर्मा, डॉ एमएम कुरैशी, कमल नागपाल, राधेश्याम शाक्य, निर्मल मंगवानी, कैलाश शर्मा, सुभाष मीणा, बुंदेला अर्जुन, कैलाश पटेल आदि मंच सदस्यों ने विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री को सामूहिक रूप से ईमेल एवं ट्वीट कर माखनलाल चतुर्वेदी कर्मवीर महाविद्यालय को बंद नहीं किए जाने का अनुरोध किया गया।

## चारखेड़ा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और हरिश्चंद्र मुक्ति धाम का निरीक्षण



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** चारखेड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव, निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य अनिल वर्मा, विक्की भांवरे एवं राजेश यादव, आयुक्त प्रियंका राजावत, अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा चौहान तथा एसडीएम हरसूद द्वारा को किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जल स्तर की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा मोटर पंपों के संचालन एवं संधारण कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जल शोधन कार्य में उपयोग होने वाले एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा हरिश्चंद्र मुक्ति धाम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया

### अनाथ बच्चों को मिला पहचान का अधिकार

# अब विधिक संरक्षक आदेश से बन सकेंगे आधार कार्ड

नवभारत न्यूज़

**खंडवा** । अनाथ, असहाय और विशेष परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों के लिए बड़ी राहत भरी पहल सामने आई है। अब ऐसे बच्चों के आधार कार्ड निर्माण में आने वाली दस्तावेजी और तकनीकी बाधाओं को दूर करने के लिए बाल कल्याण समिति द्वारा जारी विधिक संरक्षक आदेश को मान्यता दी गई है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने इसे बच्चों के संवैधानिक और मानवीय अधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि कई बच्चे माता-पिता के निधन, पारिवारिक विघटन या अन्य विशेष परिस्थितियों के कारण रिश्तेदारों अथवा संरक्षण संस्थाओं में रह रहे हैं।

ऐसे बच्चों को पहचान संबंधी समस्याओं के चलते शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जानकारी के अनुसार, कई मामलों में जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता के नाम दर्ज होने के बावजूद उनके अनुपस्थित या दिवंगत होने से आधार कार्ड बनवाने में बायोमेट्रिक सत्यापन की समस्या आ रही थी। अब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और IDAI भोपाल के समन्वय से यह व्यवस्था लागू की गई है कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत गठित बाल कल्याण समिति द्वारा जारी विधिक संरक्षक आदेश के आधार पर बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा सकेगा।

प्रवीण शर्मा ने कहा कि आधार कार्ड केवल पहचान पत्र नहीं, बल्कि बच्चों के लिए शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि बाल कल्याण समिति का उद्देश्य केवल कानूनी प्रक्रिया पूरी करना नहीं, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य से जोड़ना है।

उन्होंने प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आमजन से ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता अपनाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर पहचान और संरक्षण मिलना ही उनके सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य की सबसे बड़ी कुंजी है।